निविदा प्रपत्र का मूल्य – 5000/–

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत, पिनकोड 494001

## पुस्तके क्रय करने हेतु
## निविदा प्रपत्र

## वर्ष – 2023–24

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

## Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattisgarh, India Pin Code-494001


निविदा – ग्रंथालय/भण्डार/श.म.क.वि.वि./2023–24 जगदलपुर, दिनांकः........./06/2023

**पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के केंद्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय पुस्तकालयों के विभिन्न संकायों के अंतर्गत प्रचलित पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों के लिए भारतीय प्रकाशन, विदेशी प्रकाशन, विभिन्न संस्थागत/सोसाइटी/एन.जी.ओ. प्रकाशन आदि की पाठ्य–पुस्तकों/शोध ग्रंथों/संदर्भ ग्रथों/पाठ्य–साम्रगी नियम पुस्तकें आदि के लिए यू.जी.सी., रूसा, विश्व बैंक, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय बजट, विश्वविद्यालय के केंद्रीय बजट एवं अन्य उपलब्ध बजट आदि से वर्ष 2023–24 एवं आगामी वर्षों के लिए क्रय किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त क्रय में विक्रेता द्वारा निविदा में दी जाने वाली छूट दर/(डिस्काउंट रेट) के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 5,000/– (पांच हजार) मात्र (वापसी योग्य नहीं) मात्र है, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट जो "कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर" के पक्ष में देय हो एवं सुरक्षा निधि रु. 2,50,000/–(दो लाख, पचास हजार) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट जो कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (छत्तीसगढ़) के पक्ष में देय हो, उक्त डिमांड ड्राफ्ट की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा से संबन्धित समस्त जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं शर्तों को वेब साइट https://bvvjdp.ac.in/ पर देखा जा सकता है, जिसे डाउनलोड कर प्रेषित करें। पूर्णतः भरे हुए दस्तावेजों को दिनांक 24.07.23 सांय 5.00 तक पूर्णतः सीलबंद लिफाफे में विश्वविद्यालय में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/ पी.एण्ड टी. अधिकृत कोरियर द्वारा विश्वविद्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदाऐं विश्वविद्यालय में बाई हैण्ड (सीधे) प्राप्त नहीं किये जायेंगे।

लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः "पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24" अंकित होना चाहिए तथा इसे **कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, धरमपुरा नम्बर –2, जगदलपुर, जिला – बस्तर (छत्तीसगढ़) पिनकोड – 494001** के पते पर भेजा जावे।

**कुलसचिव**

(1)

## भाग – 1

## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट bvvjdp.ac.in पर उपलब्ध है।

1.2 पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा को तीन लिफाफा पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।

(क) लिफाफा "अ" – जमा राशि (सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र "ए–1")

(ख) लिफाफा "ब" – तकनीकी विवरण (समस्त संलग्नक, निविदा प्रपत्र एवं प्रपत्र "ए–2")

(ग) लिफाफा "स"–वित्तीय विवरण छूट (दरें)

1.3 प्रत्येक लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः लिफाफा "अ"/लिफाफा "ब"/लिफाफा "स" अंकित होना चाहिए। जिसमें विषय का भी लेख हो।

1.4 उपरोक्त तीनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखें जिसके ऊपर लिखें –

"पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24"

1.5 निविदाएँ "कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, धरमपुरा नम्बर –2, जगदलपुर, जिला – बस्तर (छत्तीसगढ़) पिनकोड – 494 –001" के पते पर केवल स्पीड/रजिस्टर्ड पोस्ट/पी.एण्ड टी. अधिकृत कोरियर द्वारा प्राप्त की जायेगी। सीधे एवं विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

1.6 पूर्णतः भरे हुए दस्तावेजों को दिनांक 24.7.23 तक निर्धारित समय सांय 5 .00 बजे तक ही प्राप्त किया जावेगा।

1.7 निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त किये गये किसी भी प्रपत्र को प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा।

1.8 अंतिम दिनांक के पश्चात् अगले कार्य दिवस दिनांक 25.07.23 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से निविदाएँ प्रशासनिक भवन में खोली जायेंगी।

1.9 यदि निविदा खुलने के दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा समिति के सदस्य उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो आगामी कार्य दिवस पर उन्हें खोला जायेगा। समय तथा तिथि विश्वविद्यालय के सुविधानुसार परिवर्तनीय होगा।

1.10 प्रक्रिया–1: सर्वप्रथम लिफाफा "अ" सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र "ए–1" का लिफाफा खोला जायेगा।

1.10.1 लिफाफा "अ" में

- ✓ प्रपत्र "ए–1" एवं
- ✓ निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 5,000 =00 (रुपये – पांच हजार) मात्र
- ✓ सुरक्षा निधि रुपये 2,50000 =00 (रुपये– दो लाख, पचास हजार) मात्र

भाग–1 निरंतर..................

**भाग – 1**

**निविदा आवेदन एवं प्रकिया संबंधी जानकारी**

**(निरंतर)**

1.10.2 प्रपत्र एवं धरोहर राशि की दोनों बैंक ड्राफ्ट निविदा जारी होने की दिनांक के बाद के (कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (छत्तीसगढ़) के पक्ष में देय) होने चाहिए।

1.10.3 दोनों बैंक ड्राफ्टों के पीछे "पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24" लिखा होना चाहिए तथा फर्म की सील होनी चाहिए।

1.10.4 उपरोक्तानुसार सही ड्राफ्ट तथा प्रपत्र "ए–1" मिलने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा। उपरोक्त ड्राफ्ट लिफाफा "अ" में न रख कर अन्य लिफाफे में रखने पर या सही नाम या राशि का ड्राफ्ट न बनाने पर भी निविदा निरस्त मानी जावेगी एवं प्रक्रिया–2 के लिए मान्य नहीं की जावेगी। (संलग्न करें प्रपत्र "ए–1")

1.11 प्रकिया–2 : तत्पश्चात लिफाफा "ब" तकनीकी लिफाफा खोला जायेगा।

लिफाफा "ब" में

- ✓ प्रपत्र "ए–2" एवं
- ✓ प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मोहर लगाकर अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर करें।

इस लिफाफे में प्राप्त समस्त दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की जावेगी तथा क्रय समिति की रिपोर्ट के अनुसार जो फर्म समस्त शर्तों को पूर्ण करेगी सिर्फ उन्हें ही प्रक्रिया–3 के लिए योग्य माना जावेगा। (संलग्न करें प्रपत्र "ए–2")

1.12 प्रकिया–3 : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

(3)

## भाग – 2

## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता को पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–2022 अथवा 2022–2023 में किसी भी एक वित्तीय वर्ष में केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में एकल आदेश के अंतर्गत कम से कम रु. 75 लाख या उससे अधिक मूल्य की छपी हुई पुस्तकों (Print Books) को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो। उक्त वर्ष के एकल आदेश की प्रति एवं उसके संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाणपत्र की प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.2 निविदाकर्ता का औसत टर्न ओवर पिछले तीनों वित्तीय वर्षों में कम से कम रु. तीन करोड़ का रहा हो। पिछलें तीनो वित्तीय वर्षों का चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी.ए.) द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र एवं ऑडिटेड बैलेन्स शीट एवं व्यापार तथा लाभ–हानि खाते के सहित तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्ता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में किसी भी दस केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय (कोई चिकित्सा/तकनीकी/कृषि/प्रबंधन विश्वविद्यालय/संस्थान) में छपी हुई पुस्तकों (Print Books) की संतोषजनक एवं पूर्ण आपूर्ति की हो। इनके आदेश तथा संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाण–प्रत्र की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.4 निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से कभी भी ब्लेक–लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र रु. 100 /– के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत प्रस्तुत किया जाये। इसे तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.5 आयकर के पिछले तीन एसेस्मेंट वर्ष (2020–21, 2021–2022, 2022–23) का प्रमाण पत्र/ विवरण की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.6 निविदाकर्ता के आयकर स्थायी खाता क्रमांक की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.7 निविदाकर्ता का पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय/शो रूम हो। इस हेतु वैद्य रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.8 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न समस्त प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे मान्य नहीं किया जाएगा।

2.9 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी।

2.10 निविदा की वैद्यता अनुबंध तिथि से 01 वर्ष तक होगी। सत्र 2023–24 के उक्त अवधि के उपरांत निविदा में स्वीकृत दरों पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से एक वर्ष के लिए अनुबंध पुनः बढ़ाई जा सकेगी। यह अनुबंध सतत रूप से अधिकतम तीन वर्षों के लिए प्रतिवर्ष, निरन्तर बढ़ाई जा सकती है किंतु इस हेतु छूट प्रतिशत में कमी नहीं की जावेगी।

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 निविदाकर्ता को नवीनतम संस्करण की पुस्तकें क्रयादेश के साथ संलग्न सूचियों के अनुसार तथा निर्धारित वित्तीय सीमा में विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययन शालाओं के विभागीय पुस्तकालयों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों जहाँ का आदेश प्रसारित किया गया हो में सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से प्रदान करनी होगी। फटी हुई, क्षतिग्रस्त पुस्तकें स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदाकर्ता द्वारा प्रदान की गयी पुस्तकें यदि नवीन संस्करण की नही पायी जाती हैं या फोटोकॉपी पुस्तकें पायी जाती हैं या उनमें किसी भी प्रकार का कोई कॉपी राइट का या अन्य उल्लंघन पाया जाता है जो भविष्य में भी उजागर होता है तो इसकी पूर्ण जवाबदारी पुस्तकों के आपूर्तिकर्ता फर्म की होगी।

3.2 मार्ग में हुई किसी भी प्रकार की हानि, चोरी, आगजनी, दुर्घटना, प्राकृतिक/आकस्मिक आपदा के कारण या अन्य किसी भी प्रकार से हुई क्षति के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

3.3 विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के संबंध में कन्वर्शन रेट आर.बी.आई/एस.बी.आई रेट/GOC (RBI/SBI Rate) के अनुसार लागू होगा।

3.4 निविदाकर्ता/सामग्री आपूर्तिकर्ता पुस्तकों के प्रदाय का परिवहन भाड़ा, ढुलाई व्यय, सुपुर्दगी व्यय या अन्य समस्त व्यय वहन करेंगे। "टू पे" या "वी.पी.पी." बिल्टी द्वारा प्रदाय मान्य नहीं होगा।

3.5 निविदाकर्ता पुस्तकें प्रदान करने से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रदान करेंगे, जिससे पुस्तकों को रखने की व्यवस्था पूर्व से ही की जा सके।

3.6 अधिकतम छूट (डिस्काउंट दर) आधार एवं निविदा की अन्य शर्तों को पूर्ण करने वाले निविदाकर्ता को शपथ पत्र रु. 100 /– के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत अनुबंध पत्र संपादित करना होगा। जिसके बाद क्रयादेश जारी किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के कंडिकाओं के अनुरूप तथा दिये गये समय के भीतर अनुबंध करना अनिवार्य होगा।

3.7 विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश आवश्यकतानुसार एक मुश्त या पृथक–पृथक दिये जा सकेंगे।

3.8 यदि एक ही डिस्काउंट रेट पर एक से अधिक निविदाकर्ता सफल होते हैं तो समस्त सफल निविदाकर्ताओं का नाम पंजीबद्ध किया जावेगा। परन्तु इस प्रकार पंजीबद्ध हुए समस्त निविदाकर्ता विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। किस निविदाकर्ता को कितना क्रय आदेश देना है यह पूर्णतः कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (छत्तीसगढ़) के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा। यह भी संभव है कि इस प्रकार पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता को कोई भी क्रय आदेश न मिले।

3.9 निविदाकर्ता यदि आदेश में दी गयी अवधि में पुस्तकें/संदर्भ ग्रंथ आादि प्रदाय नहीं कर पाता है तो विश्वविद्यालय अन्य किसी भी विक्रेता से पुस्तकें क्रय करने के लिए स्वतंत्र होगा।

3.10 निविदाकर्ता जो तकनीकी अर्हताएँ पूर्ण करते हैं एवं सफल निविदाकर्ता द्वारा मान्य छूट (डिस्काउंट रेट) पर पुस्तकें प्रदान करने में रूचि रखते हैं, वे भी विश्वविद्यालय में अपना नाम रजिस्टर कर सकेंगे। जिससे विश्वविद्यालय के पास मान्य छूट (डिस्काउंट रेट) पर पुस्तकें प्रदान करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पुस्तक विक्रेता रजिस्टर हो सकेंगे। इस हेतु रूचि रखने वाले निविदाकर्ता के आदेश प्रसारित होने के 15 दिवस में आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। परन्तु इस प्रकार पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे।

भाग–3 निरंतर....................

**भाग –3**
**निविदा की अन्य शर्ते (निरंतर)**

3.11 निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की गई पुस्तकें संतोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (छत्तीसगढ़) द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (छत्तीसगढ़) के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.12 जो निविदा मान्य नहीं होगी, उनकी सुरक्षा निधि के ड्राफ्ट मूलतः एक माह में डाक के माध्यम से लौटा दिए जायेंगें।

3.13 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.14 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (छत्तीसगढ़) के पास सुरक्षित रहेगा।

3.15 निविदा की शर्तो में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.16 निविदा विषयक विवाद में अन्तिम निर्णय कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (छत्तीसगढ़) का होगा।

3.17 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार जगदलपुर, जिला – बस्तर (छत्तीसगढ़) न्यायालय होगा।

3.18 निविदाकर्ता निविदा की समस्त शर्तो का पालन करने के लिए बाध्य एवं उत्तरदायी रहेगा।

3.19 पिछले तीन वित्तीय वर्ष का फर्म का कर समाशोधन की सत्यापित छायाप्रति संलग्न किया जावे।

(6)

लिफाफा 'अ' में संलग्न करें

**प्रपत्र ए–1**
**(निविदा प्रपत्र राशि एवं सुरक्षा निधि)**

प्रति,

कुलसचिव,

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

जगदलपुर, (छत्तीसगढ़),

**विषयः–** **पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24 निविदा प्रपत्र राशि एवं सुरक्षा निधि की राशि बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत हमारे द्वारा लिफाफा 'अ' में दो ड्राफ्ट संलग्न है जो कि कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (छत्तीसगढ़) के पक्ष में देय हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

(1) निविदा राशि का ड्राफ्ट मूल्य रुपये 5,000=00 (रुपये –पांच हजार) मात्र

बैंक का नाम ..........................................................................................

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक..........................................................................................

बैंक ड्राफ्ट दिनांक..........................................................................................

(2) सुरक्षा निधि की राशि का ड्राफ्ट मूल्य रूपये 2,50,000=00 (रुपये– दो लाख, पचास हजार) मात्र

बैंक का नाम ..........................................................................................

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक..........................................................................................

बैंक ड्राफ्ट दिनांक..........................................................................................

प्रत्येक ड्राफ्ट के पीछे लिखा है:–

क–"पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24"

ख–फर्म की सील

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

(7)

लिफाफा 'ब' में संलग्न करें

**प्रपत्र ए–2**
**(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव,
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छत्तीसगढ़)

**विषयः–** **पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24 संस्था की जानकारी बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं. क्र. | विवरण | स्पष्ट अक्षरों में अंकित करें – |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |
| 06 | पेनकार्ड नम्बर | |

**प्रमाण–पत्र**

**मैं/हम निविदाकर्ता ने उक्त निविदा की भाग "1","2" एवं "3" में दी गई समस्त शर्तो को अच्छी तरह से पढ़ और समझ लिया है और मुझे/हमें निविदा की समस्त शर्ते मान्य एवं स्वीकार है। मैं/हम प्रमाणित करते हैं कि निविदा की समस्त शर्तो के अनुसार पुस्तकें प्रदान करने हेतु तैयार है। मेरी/हमारी द्वारा प्रस्तुत की गई सभी दस्तावेज वैद्य एवं सत्य है। किसी प्रकार की भ्रामक/असत्य जानकारी देने पर मै और मेरा फर्म पूर्णतः जिम्मेदार होंगे।**

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

## प्रपत्र ए–3
## (वित्तीय निविदा)

### पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24

| क्रमांक | | विवरण | छपे हुए मूल्य पर दी जाने वाली छूट दर प्रतिशत में (Discount Rate in % ) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अंकों में | शब्दों में |
| **भारतीय प्रकाशन** | | पुस्तकें /शोध/संदर्भ ग्रंथ आदि | | |
| 1 | पेपर बाउंड | | | |
| 2 | हार्ड बाउंड | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **विदेशी प्रकाशन** | | पुस्तकें /शोध/संदर्भ ग्रंथ आदि | | |
| 1 | पेपर बाउंड | | | |
| 2 | हार्ड बाउंड | | | |

| | | |
|---|---|---|
| शासकीय/सोसाइटी/इन्स्टीट्यूशनल/एन.जी.ओ. आदि पब्लिकेशन | | |

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

**प्रतिनिधि का नाम** ____________________

**फर्म का नाम** ____________________